Bareilly, Monday,
10 July 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

PAGE NO. 02 : MIDDLE

रोबोटिक सर्जरी से किया गया घुटना प्रत्यारोपण

- प्रोफेसर अनिल अरोड़ा के निर्देशन में डा. अक्षय चंदेल ने किया आपरेशन
- एसआरएमएस मेडिकल कालेज में दो दिवसीय आर्थोप्लास्टी वर्कशाप समाप्त

जागरण संवाददाता, बरेली : रोबोटिक सर्जरी से घुटना प्रत्यारोपण (नी रिप्लेसमेंट) की सुविधा के लिए अब लोगों को अन्य शहर जाने की जरूरत नहीं है। एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में प्रोफेसर अनिल अरोड़ा के निर्देशन में डा. अक्षय चंदेल ने अपनी टीम के साथ मेडिकल कालेज में रविवार को रोबोटिक सर्जरी से घुटना प्रत्यारोपण किया।

दो दिवसीय कैडेवरिक आर्थोप्लास्टी कोर्स रविवार को संपन्न हुआ। एसआरएमएस मेडिकल कालेज के आर्थोपैडिक विभागाध्यक्ष डा. संजय गुप्ता ने बताया कि रोबोट से घुटने का आपरेशन ज्यादा बेहतर होता है। इसमें कट की संभावना काफी कम होती है। ज्वाइंट के ज्यादा चलने की उम्मीद होती है। डा. संजय ने बताया कि जिस मरीज की यह सर्जरी हुई। वह 10 वर्ष से चलने में असमर्थ था। उसके घुटने का जोड़ भी पूरी तरह घिस चुका था। रविवार को रोबोटिक सर्जरी से नी रिप्लेसमेंट किया। प्राइमस हास्पिटल के डा. सीएस यादव ने कहा कि देश में घुटना और कूल्हों के जोड़ों की ज्यादा समस्या है। इस दौरान आइएमए अध्यक्ष डा. विनोद पागरानी, उप्र आर्थोपैडिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डा. संजीव गर्ग, वर्कशाप के आर्गनाइजिंग चेयरमैन डा. एसके कौशिक, डा. ध्रुव गोयल, डा. संजय श्रीवास्तव आदि चिकित्सक मौजूद रहे।

पेज से संबंधित खबरें : https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_bareilly-city-news-hindi.html पर भी देखें।